विज्ञापन सं. एचआर/आरईसी/सी-97/एमटीटी/2025

दिनांक: 12.11.2025

सेल SAIL

# स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड

**(भारत सरकार का सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम)**

Great Place To Work. Certified JAN 2025–JAN 2026 INDIA

## सेल में 124 प्रबंधन प्रशिक्षुओं (तकनीकी) की भर्ती

**सेल, एक महारत्न सीपीएसई, राष्ट्र का एक प्रमुख इस्पात निर्माता** है, जिसका वार्षिक कारोबार 1 लाख करोड़ रुपये (वित्तीय वर्ष 2024-25) से अधिक का है। पूरे भारत में अपने इस्पात संयंत्रों, इकाइयों और खदानों में महत्वपूर्ण फ्रंटलाइन पदों को भरने के लिए, सेल ई-1 ग्रेड में प्रबंधन प्रशिक्षुओं (तकनीकी) के रूप में युवा, ऊर्जावान, परिणाम-उन्मुख और क्षमतावान प्रतिभाओं से आवेदन आमंत्रित करता है।

### पदों की संख्या (अनंतिम) :

| इंजीनियरिंग विषय | पदों की संख्या |
|---|---|
| कैमिकल | 5 |
| सिविल | 14 |
| कंप्यूटर | 4 |
| इलैक्ट्रिकल | 44 |
| इंस्ट्रुमेंटेशन | 7 |
| मेकैनिकल | 30 |
| मेटलर्जी | 20 |

**नोट** : पदों की संख्या में संगठनात्मक आवश्यकताओं के आधार पर भिन्नता हो सकती है।

### आरक्षण

अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.(एनसीएल)/दिव्यांगजन/ईडब्लूएस श्रेणियों के लिए पद राष्ट्रपति के निर्देशों के अनुसार होंगे और उन्हें निम्नानुसार आरक्षित रखा जाएगा :

| पद | अनारक्षित | अ.पि.व.(एनसीएल) | अ.जा. | अ.ज.जा. | ई.डब्लू.एस |
|---|---|---|---|---|---|
| 124 | 35 | 31 | 22 | 18 | 18 |

दिव्यांगजन के लिए, सभी इंजीनियरिंग विषयों हेतु सात (7) पद क्षैतिज आधार पर आरक्षित हैं।

### पात्रता मानदंड

**अधिकतम आयु सीमा :** दिनांक **05.12.2025** को 28 वर्ष, अर्थात जिनका जन्म **05.12.1997** से पहले नहीं हुआ हो।

सेल SAIL

**आयु-सीमा में छूट :** दिनांक **05.12.2025** (आनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख) के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट:

| अ.जा./अ.ज.जा. | अ.पि.व. (एनसीएल) | दिव्यांगजन | विभागीय उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा |
|---|---|---|---|
| 5 वर्ष | 3 वर्ष | सामान्य वर्ग के लिए 10 वर्ष<br>अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 15 वर्ष और<br>अ.पि.व.(एनसीएल) के लिए 13 वर्ष | उम्मीदवारों की जाति/श्रेणी पर विचार किए बिना 45 वर्ष |

**न्यूनतम योग्यता: कैमिकल, सिविल, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन, मैकेनिकल और मेटलर्जी** के सात (7) इंजीनियरिंग विषयों में से किसी में भी **65% अंकों** के साथ इंजीनियरिंग में डिग्री (संस्थान/विश्वविद्यालय द्वारा किसी विशेष वर्ष/सेमेस्टर को दिए गए वेटेज पर ध्यान दिए बिना सभी सेमेस्टर का औसत)।

सेल में प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों के पास नीचे दिए गए संबंधित विषयों में इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी की डिग्री होनी चाहिए:

| विज्ञापित विषय | इंजीनियरिंग विषय जो पात्र हैं |
|---|---|
| कैमिकल | कैमिकल इंजीनियरिंग/ टेक्नोलॉजी , इलेक्ट्रो-केमिकल इंजीनियरिंग |
| सिविल | सिविल इंजीनियरिंग |
| कंप्यूटर | कंप्यूटर साइन्स, कंप्यूटर साइन्स इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी;<br>या कंप्यूटर एप्लीकेशन में 3 वर्षीय मास्टर डिग्री (एमसीए) |
| इलेक्ट्रिकल | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल मशीन, विद्युत प्रणाली और हाई वोल्टेज इंजीनियरिंग, विद्युत संयंत्र इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और विद्युत इंजीनियरिंग, विद्युत इलेक्ट्रॉनिक्स/इंजीनियरिंग, विद्युत इंस्ट्रूमेंटेशन और नियंत्रण इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल और इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग, विद्युत इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल और विद्युत इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग |
| इंस्ट्रूमेंटेशन | इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और नियंत्रण, औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स, अप्लाइड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स डिज़ाइन और प्रौद्योगिकी, मेक्ट्रोनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और विद्युत, इलेक्ट्रॉनिक्स संचार और इंस्ट्रूमेंटेशन, इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी, इंस्ट्रूमेंटेशन और नियंत्रण/इंजीनियरिंग, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन/ऑटोमेशन और रोबोटिक्स, संचार इंजीनियरिंग, नियंत्रण और इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग |

| | |
|---|---|
| मैकेनिकल | मैकेनिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल और ऑटोमेशन इंजीनियरिंग, उत्पादन और औद्योगिक इंजीनियरिंग, उत्पादन इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी, मैकेनिकल उत्पादन और टूल इंजीनियरिंग, औद्योगिक इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी, थर्मल इंजीनियरिंग, विनिर्माण प्रक्रिया और ऑटोमेशन, मेक्ट्रोनिक्स, विनिर्माण इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी, विनिर्माण विज्ञान और इंजीनियरिंग, ऊर्जा इंजीनियरिंग, मशीन इंजीनियरिंग, मेक्ट्रोनिक्स और आटोमेशन इंजीनियरिंग, |
| मेटलर्जीकल | मैटलर्जिकल इंजीनियरिंग, मटेरियल साइंसेज और इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी, औद्योगिक मेटलर्जी |

अपेक्षित योग्यता यूजीसी/एआईसीटीई आदि जैसे परिषदों/निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त/प्रत्यायित विश्वविद्यालयों/संस्थानों, जिन्हें इस उद्देश्य के लिए केंद्र/राज्य सरकार द्वारा स्थापित किया गया हो, से नियमित/पूर्णकालिक पाठ्यक्रम के माध्यम से प्राप्त की गई होनी चाहिए।

**योग्यता में छूट:** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग/विभागीय उम्मीदवार जिनके पास आवश्यक विषयों में 55% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) के साथ इंजीनियरिंग की डिग्री है, वे आवेदन करने के पात्र होंगे।

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवार जो 'क्रीमी लेयर' से संबंधित हैं, वे अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के पात्र नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी सामान्य बतानी होगी। ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को, केंद्र सरकार के अंतर्गत रोजगार पाने के लिए, लागू निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित प्रमाण पत्र [ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) - जाति प्रमाण पत्र और ईडब्ल्यूएस-आय और परिसंपत्ति प्रमाण पत्र] सक्षम प्राधिकारी द्वारा **01/04/2025** को या उसके बाद जारी किए गए रूप से जीडी/साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा। यह नोट किया जाए कि प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) का पद केवल संबंधित श्रेणी में 40% या उससे अधिक दिव्यांगता वाले अस्थि विकलांग उम्मीदवारों (ओए/ओएल/ओएएल) और बौनापन (डीडब्ल्यू) के लिए खुला है। पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार को निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**ऑनलाइन आवेदन पत्र में एक बार दर्ज की गई श्रेणी [अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.वि.(एनसीएल)/ई.डब्ल्यू.एस/पी.डब्ल्यू.बी.डी/विभागीय] को किसी भी परिस्थिति में बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी और बाद में अन्य श्रेणी का कोई लाभ स्वीकार्य नहीं होगा।**

**चिकित्सा मानक:**

उम्मीदवारों का शारीरिक गठन स्वस्थ और किसी भी शारीरिक दोष से मुक्त होना चाहिए। चिकित्सा मानकों के अनुसार न्यूनतम वजन 45 किलोग्राम; ऊँचाई 155 सेमी; निकट दृष्टि दोष और दूर दृष्टि दोष(यदि कोई हो), प्रत्येक आँख में ± 4.00 से अधिक नहीं और भेंगापन या रंग दृष्टिदोष, आंशिक या पूर्ण, नहीं होना चाहिए। महिला उम्मीदवारों को ऊँचाई और वजन में उचित छूट दी जाएगी। दिव्यांग व्यक्तियों के मामले में, केवल अस्थि दिव्यांग उम्मीदवार ही आवेदन कर सकते हैं, जिनकी दिव्यांगता न्यूनतम 40% हो और ओए/ओएल/ओएएल हो और बौनापन (डीडब्लू) हो।

**नोट:** ऊपर बताए गए चिकित्सा मानक न्यूनतम पूर्वापेक्षाएँ हैं। तथापि, चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति सेल के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य नियमावली में निर्धारित मानकों के अनुसार कंपनी की चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करने पर निर्भर करेगी।

**चयन प्रक्रिया:**

योग्य उम्मीदवारों को **ऑनलाइन परीक्षा - कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी)** में शामिल होना होगा, जो **संभावित रूप से जनवरी 2026 / फरवरी-2026 में** बेंगलुरु, भिलाई नगर, भोपाल, भुवनेश्वर, चेन्नई, देहरादून, दिल्ली/दिल्ली(एनसीआर), दुर्गापुर, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, जमशेदपुर, एर्नाकुलम, कोलकाता, लखनऊ, मोहाली, मुंबई/ठाणे/नवी मुंबई/एमएमआर, नागपुर, पटना, प्रयागराज, रांची, राउरकेला, सेलम, तिरुचिरापल्ली, विजयवाड़ा/गुटुर, विशाखापत्तनम, वडोदरा में किसी भी केंद्र पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र की जानकारी प्रवेश पत्र में दी जाएगी।

आवेदन पत्र के अंतिम रूप से जमा होने के बाद परीक्षा केंद्र में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। तथापि, सेल उस क्षेत्र/केंद्र में उम्मीदवारों की प्रतिक्रिया/संख्या के आधार पर किसी भी केंद्र को रद्द करने या जोड़ने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

ऑनलाइन परीक्षा 200 अंकों की होगी, जिसमें दो भाग होंगे, अर्थात पहला भाग जिसमें 100 अंकों के लिए डोमेन नॉलेज टेस्ट (अवधि 40 मिनट) और दूसरा भाग जिसमें कुल 100 अंकों के लिए एप्टीट्यूड टेस्ट (अवधि 80 मिनट) शामिल होगा; जिसमें 25-25 अंक के चार खंड अर्थात परिणात्मक कौशल, अंग्रेजी भाषा, तर्कशक्ति परीक्षा और सामान्य ज्ञान होंगे।

समूह चर्चा और साक्षात्कार की पात्रता के लिए, उम्मीदवार को प्रत्येक भाग में उत्तीर्ण होना होगा, अर्थात संबंधित विषय में डोमेन नॉलेज टेस्ट और एप्टीट्यूड टेस्ट, पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों में से संबंधित श्रेणी में यूआर/ईडब्ल्यूएस पदों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक और अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (एनसीएल)/पीडब्ल्यूबीडी के लिए 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना होगा।

**समूह चर्चा और साक्षात्कार:**

ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों में से, योग्यता क्रम में, प्रत्येक विषय के लिए श्रेणीवार 1:3 के अनुपात में समूह चर्चा (जीडी) और साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। समूह चर्चा और साक्षात्कार अल्प सूचना पर आयोजित किए जा सकते हैं, जिसके लिए बुलावा पत्र सेल की वेबसाइट के करियर पेज पर अपलोड किए जाएँगे और उम्मीदवारों को उनके ईमेल के माध्यम से इसकी सूचना दी जाएगी। इस उद्देश्य के लिए उम्मीदवारों को कोई अन्य पत्राचार नहीं भेजा जाएगा।

अंतिम चयन के लिए, ऑनलाइन परीक्षा - कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी), जीडी और साक्षात्कार के अंकों को 75:10:15 के वेटेज के साथ इसी क्रम में मिलाकर मेरिट सूची तैयार की जाएगी। अंतिम मेरिट सूची प्रत्येक श्रेणी के लिए अलग-अलग तैयार की जाएगी, जो चयन प्रक्रिया, यानी ऑनलाइन परीक्षा, जीडी और

साक्षात्कार में उम्मीदवार द्वारा प्राप्त कुल अंकों के आधार पर होगी। उम्मीदवार का चयन मेरिट के क्रम में किया जाएगा।

यदि दो या उससे अधिक उम्मीदवार अंतिम मेरिट सूची में समान कट-ऑफ अंक पर आते हैं, तो ऑनलाइन परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को ऑफर लेटर जारी किया जाएगा। यदि ऑनलाइन परीक्षा के अंकों में भी समानता होती है, तो संबंधित पात्रता योग्यता (बी.ई./बी.टेक.) में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा।

### बायोमेट्रिक सत्यापन:

चयन प्रक्रिया के दौरान, सेल तीन चरणों में, अर्थात् ऑनलाइन परीक्षा (सीबीटी), जीडी/साक्षात्कार चरण और सेल में नियुक्ति के समय, अभ्यर्थियों की वास्तविक पहचान के बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए डिजिटल प्रारूप में अभ्यर्थियों के फोटो/अंगूठे के निशान ले सकता है। अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करेगा कि विभिन्न चरणों में सही निशान लिया जाए, और किसी भी विसंगति पर उसकी उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जाएगी। यदि कोई अभ्यर्थी वास्तविक नहीं पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के अलावा, उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। इसलिए, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने हाथों पर मेहंदी, स्याही, रसायन आदि जैसी कोई बाह्य चीज़ न लगाएँ।

### प्रशिक्षण एवं परिवीक्षा:

प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) के रूप में चयनित उम्मीदवारों को एक वर्ष के प्रशिक्षण पर रखा जाएगा। प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रशिक्षु के रूप में पंजीकृत होंगे। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, उम्मीदवारों को एक वर्ष के लिए परिवीक्षा पर रखा जाएगा।

### परिलब्धियाँ :

प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) को ₹ 50,000-160,000/- रुपये के वेतनमान में **₹ 50,000/- रुपये** प्रति माह का मूल वेतन दिया जाएगा। एक वर्ष का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर, प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) को ई 1 ग्रेड में सहायक प्रबंधक के रूप में पदनामित किया जाएगा और **₹ 60,000-180,000/-** रुपये के वेतनमान पर रखा जाएगा।

मूल वेतन के अलावा, प्रबंधन प्रशिक्षुओं (तकनीकी) को महंगाई भत्ता भी दिया जाएगा। वे कैफेटेरिया पद्धति के अंतर्गत मिलने वाले लाभों और कंपनी के प्रचलित नियमों के अनुसार पीएफ, उपदान और अन्य भत्तों के भी हकदार होंगे। इसके अतिरिक्त, कंपनी स्वयं और आश्रितों के लिए कंपनी के नियमों के अनुसार अवकाश नकदीकरण, आवास/एचआरए और निःशुल्क चिकित्सा सुविधा जैसे लाभ प्रदान करती है। न्यूनतम ई-1 ग्रेड पर सीटीसी लगभग 16-17 लाख रुपये प्रति वर्ष (पीआरपी, स्थान आधारित भत्ते आदि को छोड़कर) होगी। प्रारंभिक मूल वेतन पर सीधी भर्ती होने के कारण, कंपनी पिछले रोजगार के वेतन/छुट्टी वेतन/पेंशन अंशदान आदि, यदि कोई हो, के लिए कोई देयता वहन नहीं करेगी।

### नियुक्ति:

चयनित होने पर, उम्मीदवारों को कंपनी के किसी भी संयंत्र/इकाई/खान में तैनात किया जा सकता है। उम्मीदवारों को सेवा के प्रारंभिक चार वर्षों के दौरान कंपनी के किसी अन्य संयंत्र/इकाई/खान में स्थानांतरण के लिए आवेदन करने/अनुरोध करने की अनुमति नहीं होगी। विभागीय उम्मीदवारों के लिए, यह प्रतिबंध आरंभिक दो वर्षों के लिए होगा।

### सेल एमटीटी के लिए आवेदन कैसे करें:

योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों को सेल की वेबसाइट www.sail.co.in या www.sailcareers.com पर सेल करियर पेज के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा। **आवेदन का कोई अन्य माध्यम/तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।** आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। सेल में उनका पंजीकरण अनंतिम होगा क्योंकि उनकी पात्रता केवल जीडी/साक्षात्कार के समय ही सत्यापित की जाएगी। केवल प्रवेश पत्र/बुलावा पत्र जारी होने का अर्थ उम्मीदवारी की स्वीकृति नहीं होगा। यदि उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी किसी भी स्तर पर गलत या पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो पंजीकृत उम्मीदवार की उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या यहाँ तक कि नियुक्ति के समय भी अस्वीकार की जा सकती है।

वेबसाइट पर अपना आवेदन पंजीकृत करने से पहले, उम्मीदवारों के पास निम्नलिखित होना चाहिए:

क) वैध ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर, जो कम से कम एक वर्ष के लिए वैध होना चाहिए।

ख) उम्मीदवारों के पास आवेदन पत्र के साथ अपलोड करने के लिए पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटोग्राफ (केवल jpg या jpeg फाइल 50 Kb तक) और डिजिटल प्रारूप में हस्ताक्षर का फोटोग्राफ (केवल jpg या jpeg फाइल 20 Kb तक) होना चाहिए।

ग) सामान्य/अपिव(एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए **₹1050/-** रुपये का आवेदन शुल्क (प्रक्रिया शुल्क सहित) या अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम/विभागीय उम्मीदवारों के लिए **₹300/-** रुपये प्रक्रिया शुल्क का भुगतान करने का प्रावधान है। उम्मीदवार नेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/एटीएम-कम-डेबिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। उम्मीदवार को लागू आवेदन शुल्क/प्रक्रिया शुल्क के अतिरिक्त बैंक प्रभार का भी वहन करना होगा।

घ) ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय, उम्मीदवारों को निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए:

i) सेल आवेदन के समय पात्रता और अन्य पहलुओं के लिए आवेदनों की विस्तृत जांच नहीं करेगा और इसलिए, उम्मीदवारी केवल अनंतिम रूप से स्वीकार की जाती है।

ii) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें, जो वेबसाइट पर ही उपलब्ध होंगे।

iii) अभ्यर्थी को अपना नाम उसी प्रकार लिखना होगा जैसा मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र या समकक्ष परीक्षा में दिया गया है।

iv) ऑनलाइन आवेदन में एक बार प्रविष्ट की गई श्रेणी (सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा/अ.पि.व (एनसीएल)/ई.डब्ल्यू.एस/पी.डब्ल्यू.बी.डी/ई.एस.एम/विभागीय) को बदला नहीं जा सकता है और बाद में किसी अन्य श्रेणी का कोई लाभ स्वीकार्य नहीं होगा। उम्मीदवार के पास एक वैध श्रेणी प्रमाण पत्र होना चाहिए।

v) जहाँ भी डिग्री में सीजीपीए/ओजीपीए या लेटर ग्रेड प्रदान किया जाता है; विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकों का समतुल्य प्रतिशत दर्शाया जाना चाहिए। जहाँ कोई मानदंड निर्दिष्ट नहीं किया गया है, वहाँ सीजीपीए/ओजीपीए को 10 अंकों के पैमाने पर प्रदान किया गया माना जाएगा। उम्मीदवारों को समूह चर्चा/साक्षात्कार के समय अपने विश्वविद्यालय/संस्थान के संबंध में इन मानदंडों/मानदंड नहीं होने की एक प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

vi) समूह चर्चा/साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले चयनित उम्मीदवारों को जन्मतिथि, जाति/श्रेणी, योग्यता, अनुभव, दिव्यांगजन/पूर्व सैनिक स्थिति, पंजीकरण रसीद, आवेदन शुल्क/प्रसंस्करण शुल्क की ई-रसीद, वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि मूल रूप में समूह चर्चा/साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करने होंगे।

ड़) आवेदन पत्र जमा करने की प्रक्रिया:

i) आवेदन केवल सेल की वेबसाइट www.sail.co.in के "करियर" पृष्ठ या www.sailcareers.com के माध्यम से जमा करें।

ii) अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के लिए विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

iii) साइट पर उपलब्ध यूजर पुस्तिका देखें और यथा उल्लिखित चरणों का पालन करें।

iv) “नए उम्मीदवार लॉगिन बनाने के लिए (New Log in)” पर क्लिक करें।

v) यदि पहले से पंजीकृत हैं, तो "पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने के लिए (लॉग इन योर अकाउंट)” पर क्लिक करें और यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके आगे बढ़ें।

vi) "नए उपयोगकर्ता" के मामले में - पहले वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) पूरा करें और फिर "लॉग इन योर अकाउंट" पर जाएँ और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके आगे बढ़ें।

vii) आवश्यक जानकारी भरकर, आवश्यकतानुसार दस्तावेज़ अपलोड करके और ऑनलाइन भुगतान करके आवेदन जमा करने की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से पूरा करें।

viii) आपके भुगतान की पुष्टि होने के बाद, आपका आवेदन क्रमांक जनरेट किया जाएगा और यह पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने की पुष्टि है। भुगतान की पुष्टि के बिना पंजीकरण पूरा नहीं होगा।

ix) सभी आवश्यक अपेक्षाएं पूरी करने के बाद, आपको सलाह दी जाती है कि आप भरे हुए आवेदन का एक प्रिंटआउट लें जिसमें एक विशिष्ट आवेदन क्रमांक होगा। कृपया सिस्टम द्वारा जनरेटेड अनंतिम आवेदन पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करें।

x) त्रुटिपूर्ण आवेदन जमा करने की स्थिति में आवेदन विवरण में बदलाव का कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा और उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जाएगी।

**ऑनलाइन आवेदन करने के बाद, उम्मीदवार को सिस्टम द्वारा जनरेटेड पंजीकरण रसीद/आवेदन पत्र को विशिष्ट आवेदन क्रमांक के साथ डाउनलोड करना होगा।**

**<u>नोट:</u>** ऑनलाइन आवेदन भरते समय, उम्मीदवारों को सभी चरणों का सावधानीपूर्वक पालन करना चाहिए। अपूर्ण आवेदन, बिना फोटोग्राफ और हस्ताक्षर वाले आवेदन/बिना आवेदन शुल्क वाले आवेदन/पात्रता मानदंडों को पूरा न करने वाले आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा। इस संबंध में आवेदक से कोई भी पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा। पात्रता, आवेदन की स्वीकृति, अस्वीकृति, बुलावा पत्र जारी करने से संबंधित सभी मामलों में सेल का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा और इस संबंध में किसी भी पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**च) महत्वपूर्ण:** उम्मीदवारों के साथ सभी पत्राचार केवल ईमेल/एसएमएस/सेल करियर वेबसाइट के माध्यम से ही किया जाएगा। भर्ती चरणों, बुलावा पत्र आदि से संबंधित सभी जानकारी ईमेल/एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जाएगी/सेल वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। शार्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार सेल वेबसाइट पर उपलब्ध होने के बाद कॉल लेटर डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई अमान्य या गलत ईमेल आईडी/गलत मोबाइल नंबर के कारण भेजे गए ईमेल/एसएमएस के खो जाने, या यदि उम्मीदवार समय पर अपना ईमेल/मोबाइल एक्सेस नहीं कर पाता है या नेटवर्क संबंधी किसी समस्या के कारण सूचना प्राप्त होने में देरी/अप्राप्ति के लिए सेल जिम्मेदार नहीं होगा। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को जीडी/साक्षात्कार में तभी शामिल होने की अनुमति दी जाएगी, जब उनके पास वैध बुलावा पत्र होगा। बुलावा पत्र और अन्य सभी जानकारी प्राप्त करने, डाउनलोड करने और प्रिंट करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी।

**छ) सामान्य:**

i) केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।

ii) सेल में नियमित आधार पर रोजगार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष है।

iii) केवल यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित/मान्यता प्राप्त संस्थानों/विश्वविद्यालयों से पूर्णकालिक डिग्री प्राप्त अभ्यर्थी ही आवेदन करने के पात्र होंगे।

iv) केंद्र/राज्य सरकार द्वारा इस उद्देश्य के लिए स्थापित यूजीसी/एआईसीटीई आदि जैसी परिषदों/निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त/प्रत्यायित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से योग्यता डिग्री प्राप्त

करने वाले विभागीय अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं। विभागीय अभ्यर्थी शब्द का अर्थ उन अभ्यर्थियों से है जो वर्तमान में सेल में स्थायी कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं, न कि सेल कर्मचारियों के आश्रित हैं।

v) आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को अपना पूरा नाम दर्ज करना चाहिए जैसा कि उनके मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र में दिया गया है।

vi) सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। चयन होने की स्थिति में, अभ्यर्थियों को नियुक्ति लेते समय नियोक्ता से उचित सेवामुक्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

vii)अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.(एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/दिव्यांगजन प्रमाणपत्र सेल वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप के अनुसार और केंद्र सरकार के अधीन रोजगार के लिए यथा प्रयोज्य होना चाहिए। यदि प्रमाणपत्र अंग्रेजी/हिंदी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किया गया है, तो उम्मीदवारों को उसकी अंग्रेजी या हिंदी में स्व-प्रमाणित अनूदित प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

viii) उम्मीदवार किसी भी प्रश्न के लिए सेल वेबसाइट पर एफएक्यू खंड देख सकते हैं।

ix) उम्मीदवारों को सेल अनंतिम पंजीकरण रसीद, आवेदन शुल्क की पुष्टि की ई-रसीद की अपनी प्रति अपने पास रखनी चाहिए क्योंकि भविष्य में संदर्भ के लिए उन्हें इसे प्रस्तुत करने के लिए कहा जा सकता है।

x) विज्ञापित पद अनंतिम हैं। सेल, आवश्यकता पड़ने पर, बिना कोई अतिरिक्त सूचना दिए या कोई कारण बताए, विज्ञापित अपेक्षाओं को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तार/संशोधित/परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

xi) उम्मीदवार का चयन/कार्यग्रहण कंपनी के नियमों के अनुसार मेडिकल फिटनेस के अधीन होगा।

xii) इस विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को सेल की किसी भी सहायक/संयुक्त उद्यम कंपनी द्वारा, सेल की अपेक्षा पूरी होने के बाद, नियुक्ति के लिए विचार किया जा सकता है। ऐसे मामले में उनकी नियुक्ति संबंधित सहायक/संयुक्त उद्यम कंपनी की शर्तों और नियमों के अनुसार होगी।

xiii) **कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई:** उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि वे कोई भी झूठा, छेड़छाड़ किया हुआ/मनगढ़ंत विवरण प्रस्तुत न करें और आवेदन पत्र भरते समय कोई भी महत्वपूर्ण जानकारी न छिपाएँ।

xiv) यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है, तो

उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएँ समाप्त की जा सकती हैं।

xv) अधिकतम आयु सीमा/योग्यता/श्रेणी के संबंध में उम्मीदवार की पात्रता, विज्ञापन में यथा उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार मानी जाएगी।

xvi) पात्रता, चयन, मेडिकल फिटनेस आदि से संबंधित सभी मामलों में सेल का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

xvii) इस प्रक्रिया से संबंधित सभी आगामी घोषणाएँ/विवरण केवल सेल करियर वेबसाइट www.sail.co.in या www.sailcareers.com पर समय-समय पर प्रकाशित/अधिसूचित किए जाएँगे। पारदर्शिता/विषयवार और श्रेणीवार कट-ऑफ अंक, कार्यभार ग्रहण हेतु अंतिम सूची की घोषणा के एक महीने के भीतर अस्थायी रूप से प्रकाशित किए जाएँगे।

xviii) किसी भी विवाद के होने पर क्षेत्राधिकार न्यायालय दिल्ली में होगा।

## महत्वपूर्ण तिथियाँ (अनंतिम):

| | |
|---|---|
| सेल एमटीटी (तकनीकी) के ऑनलाइन पंजीकरण की शुरुआत | **15.11.2025** |
| सेल एमटीटी (तकनीकी) के ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि | **05.12.2025** |

**किसी भी विसंगति के मामले में विज्ञापन का अँग्रेजी संस्करण विज्ञापन के हिन्दी संस्करण पर मान्य होगा।**

*******